JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2024/08/405–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक:** 15.08.2024

देश के 78वें स्वाधीनता दिवस पर जयपुर मेट्रो सीएमडी श्री पी.रमेश ने मानसरोवर डिपो स्थित प्रशासनिक भवन में किया ध्वजारोहण।

जयपुर 15 अगस्त। जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रंबध निदेशक श्री पी.रमेश ने आज मेट्रो के मानसरोवर स्थित डिपो के प्रशासनिक भवन में देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रातः 8.00 बजे ध्वजारोहण किया, आजादी के शहीदों को नमन किया एवं स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के दौरान सभी निदेशकगण, अधिकरीगण, मेट्रो पुलिस एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम के तहत श्री पी.रमेश, सभी निदेशकगण व अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कैनवास पर "हर घर तिरंगा व जय हिन्द" अंकित किया गया। इस अभियान को आगे बढाते हुए श्री पी.रमेश द्वारा सभी उपस्थित गण को हर घर तिरंगा प्रतिज्ञा दिलवायी गयी।

श्री पी.रमेश ने कार्यक्रम में वर्ष 2023–24 के दौरान 22 मेट्रो अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके द्वारा उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया। श्री पी.रमेश ने अपने अभिभाषण में बताया कि जयपुर मेट्रो रेल सुबह 5:20 से रात 10:20 बजे तक निर्बाध एवं संतोषप्रद रूप से जयपुरवासियों को सेवाएं प्रदान कर रही है। जिससे मेट्रो राईडरशिप, किराया ऑय अर्जन तथा नवीनतम प्रयोगों से गैर किराया अर्जन में काफी वृद्धि हुयी है, साथ ही रूट एक्सटेंशन का कार्य भी प्रगति है। इन सभी उपल्बिधयों के लिए श्री पी.रमेश द्वारा चारों निदेशालयों के निदेशकगण व उनकी पूरी टीमों को बधाई दी गयी।

अंत में श्री पी.रमेश ने बताया कि हमें गर्व है कि देश के संविधान का पालन करते हुए जयपुर मेट्रो को एक आत्मनिर्भर, विकसित उपक्रम और जयपुर को आधुनिक एवं सुविधा सम्पन्न शहर बना रहे हैं। हमें यह दृढ़ आशा है कि जयपुर मेट्रो अगले दिनों में और भी उन्नति की ओर बढ़ता रहेगा और हमारे जयपुर मेट्रो शहर को गौरान्वित करता रहेगा।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो